देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 19 अंकः 180 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
वीआईपी होने का एहसास



# पेज श्री

देहरादून, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 19.0°

79924.77

2 हमें हमारी जमीन वापस दो!

7 उम्र 24, काम दिग्गजों वाले

# पुलिस सुरक्षा और समृद्धि का एक अभिन्न स्तम्भः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस लाइन, देहरादून में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर पुलिस एवं अर्द्ध सैन्य बलों के शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने शहीद पुलिस जवानों के परिजनों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड पुलिस के लिए कई कल्याणकारी घोषणाएं की हैं। कहा कि पुलिसकर्मी बहुत ही कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। उनके रहने की जगह अच्छी तरह से व्यवस्थित हो, इसलिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कहा कि इस धनराशि से पुलिसकर्मियों के लिए उनके घर बनाए जाएंगे। दून स्थित पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसी दिशा में सरकार ने सब इंस्पेक्टर के 222 पदों पर भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। उत्तराखंड डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान हमने पिछले साल शहीद हुए चार साथियों को श्रद्धांजलि भी दी।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का उत्तराखंड पुलिस को 100 करोड़ का तोहफा



### 2025 तक उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्यः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक देवभूमि उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए उत्तराखण्ड पुलिस के अन्तर्गत एक त्रिस्तरीय एण्टी नारकोटिक फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध एक बड़ा खतरा बन चुका है। हमारी पुलिस को इस दिशा में भी सजग रहना होगा और तकनीकि रूप से और अधिक दक्ष होना पड़ेगा। राज्य में महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के प्रत्येक थाने पर "महिला हैल्प डेस्क" के अन्तर्गत 'क्यूआरटी' का गठन किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून–व्यवस्था बनाये रखने का उत्तरदायित्व राज्यों के पुलिस बल एवं अर्द्ध सैनिक बलों का है। विगत एक वर्ष में सम्पूर्ण भारत में कुल 216 अर्द्ध सैनिक बलों एवं विभिन्न राज्यों के पुलिसकर्मी शहीद हुए, जिसमें उत्तराखण्ड पुलिस के 04 वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पुलिस स्मारक की स्थापना की गई है, जो हमारे पुलिस बल के अद्वितीय समर्पण और बलिदान का प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में हमारी पुलिस ने अनेक चुनौतियों का सामना किया है। आतंकवाद, देश के विभिन्न क्षेत्रों में नक्सलवाद, प्राकृतिक आपदाओं, कानून व्यवस्थाओं से संबंधित जटिल परिस्थितियों में हमारी पुलिस ने अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड भौगोलिक एवं सामरिक महत्व के दृष्टिगत राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण राज्य है। राज्य में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने में हमारे पुलिस की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। किसी भी राज्य की पुलिस व्यवस्था उस राज्य की सुरक्षा और समृद्धि का एक अभिन्न स्तम्भ है।

## पिथौरागढ़ में शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी

पिथौरागढ़। सीमांत में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। सोमवार को नगर के पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी रेखा यादव ने शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित करते हुए शहीदों को याद किया।
इस दौरान अधिकारी–कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन भी रखा। एसपी रेखा ने कहा कि कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को हमेशा याद रखा जाएगा। यहां सीओ परवेज अली, प्रतिसार निरीक्षक नरेश चन्द्र जखमोला सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।इधर जिले के अन्य थाने, चौकियों में भी पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल को बयान पर पश्चातापः सिंघवी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात यूनिवर्सिटी की ओर से दायर मानहानि केस में राहत देने से इनकार किया। पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री को लेकर की गई टिप्पणी को अपने खिलाफ अपमानजनक बताते हुए गुजरात यूनिवर्सिटी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। सबसे बड़ी अदालत ने हस्तक्षेप से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के बीच एक बार सिंघवी ने केजरीवाल के पश्चाताप की भी बात कही।

### फिर मिली विमान को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ पर विवादित बयान दिया है। इसे लेकर बवाल मचा तो अब वह सफाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि चीफ जस्टिस को लेकर बयान नहीं दिया है। चीफ जस्टिस तो एक्सिलेंट आदमी हैं।

# एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए भारत और चीन के बीच करार

## देपसांग और डेमचॉक में दोनों देशों के सैनिक पुरानी जगह पर लौटेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और चीन लगातार बातचीत के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग के लिए एक निश्चित व्यवस्था पर सहमत हो गए हैं। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को यह घोषणा की कि दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हुई हालिया बातचीत के बाद भारत और चीन एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए एक समझौते पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि इस समझौते के बाद दोनों देशों की सेनाओं के बीच सीमा पर चल रहे स्टैंडऑफ में कमी आने की उम्मीद है।

मिस्त्री ने कहा कि हम चीन के साथ पेट्रोलिंग के मुद्दों पर चर्चा के बाद एक अहम समझौते पर पहुंच गए हैं। इस समझौते के सीमा पर दोनों देशों के बीच जारी स्टैंड

### 2020 से तनावपूर्ण है भारत–चीन संबंध

दोनों पड़ोसियों के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा पर 2020 में हुई झड़प के बाद तनावपूर्ण संबंध हैं। इन वर्षों में भारत और चीन के बीच लगातार मीटिंगों का दौर जारी है लेकिन सहमति नहीं बन पाई थी, इस कारण पेट्रोलिंग के दौरान भारतीय और चीनी सीमा के बीच में लगातार स्टैंडऑफ की स्थिति बनी हुई थी। भारत और चीन के बीच हुआ यह समझौता पीएम मोदी के रूस दौरे से ठीक पहले हुआ है।

ऑफ में कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पिछले कई सप्ताहों से जारी बातचीत के बीच अंततः हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग के लिए एक निश्चित व्यवस्था पर पहुंचे हैं। इस समझौते के जरिए हमें 2020 सीमा पर जारी तनाव को कम करने में मदद मिलेगी। समझौते के तहत देपसांग और डेमचोक में दोनों देशों की सेनाएं अपनी पुरानी जगह पर आ जाएंगी। इसके साथ ही डिस्इंगेजमेंट के बाद बफर जोन में भी गश्त का रास्ता साफ हो गया है।

विदेश सचिव ने कहा कि बाकी मुद्दों को लेकर भारतीय और चीनी अधिकारी पिछले कुछ हफ्तों से लगातार संपर्क में हैं। हमें उम्मीद है कि बाकी मुद्दे भी सुलझ जाएंगे। कथित तौर पर भारत और चीन के बीच पेट्रोलिंग को लेकर हुआ यह समझौता देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों से संबंधित है।

# दुग्ध उत्पादक किसानों को दिवाली पूर्व सरकार का उपहार

**संवाददाता**

देहरादून। दिवाली से पहले राज्य सरकार, दुग्ध उत्पादक किसानों को उनके लंबित बकाए का पूरा भुगतान कर देगी। पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने इसकी जानकारी देते हुए, बताया कि आंचल द्वारा राज्य के छह स्थानों पर दिवाली मेले का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आंचल के उत्पादों की बिक्री की जाएगी।

सोमवार को सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार पशुपालकों के हित में कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार किसानों को कई तरह से प्रोत्साहन दे रही है। बहुगुणा ने बताया कि किसानों का दुग्ध संघों पर करीब साढ़े 12 करोड़ रुपए बकाया चल रहा है। इसी तरह दुग्ध प्रोत्साहन राशि के रूप भी 5.89 करोड़ रुपए का बकाया चल रहा है।

उक्त सभी बकाया राशि का भुगतान दिवाली से पहले कर दिया जाएगा। इसका लाभ करीब 53 हजार दुग्ध उत्पादक किसानों को मिलेगा। बहुगुणा ने कहा कि आंचल को लाभप्रद बनाने के लिए नए उत्पाद लांच किए गए। इन मेलों में विभागीय प्रचार प्रसार के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### ऐलान

■दुग्ध उत्पादक किसानों को दिवाली से पहले मिलेगी बकाया धनराशि

### कई योजना चला रही सरकार

बहुगुणा ने बताया कि सरकार किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कई योजना चला रही है। इसके लिए गंगा गाय योजना में गाय या भैंस खरीदने के मानकों में पहाड़ी क्षेत्रों के अनुसार बदलाव किए गए हैं। साथ ही सरकार साइलेज पर भी सब्सिडी को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर चुकी है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# विमानों को बम धमकी के मामले में केंद्र सख्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ कठोर सजा के साथ जुर्माने का होगा नियम

नई दिल्ली। देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला पिछले कई हफ्तों से जारी है। इन धमकियों को लेकर सीआईएसएफ के महानिदेशक आरएस भट्टी और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन से उनके कार्यालय में मुलाकात की।

इस बैठक के दौरान गृह मंत्रालय को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर धमकी भरे फर्जी कॉल के बारे में अवगत कराया गया। केंद्र सरकार इस मामले में सख्त हो गई। उन्होंने कानून में बदलाव करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही अपराधी को जुर्माने के साथ सजा भी दी जाएगी।

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने विमानों को बम से उड़ाने की धमकी पर बात की। उन्होंने कहा, अगर आवश्यक हुआ तो हमने मंत्रालय की तरफ से कुछ विधायी कार्रवाई के बारे में सोचा है। हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि ऐसे दो क्षेत्र हैं जिन पर हम काम कर सकते हैं।

## न्यूज डायरी



### याह्या सिनवार की बीवी के हाथ में दिखा 26 लाख का बैग!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। इजरायली सेना की कार्रवाई में ढेर हुए हमास चीफ रहे याह्या सिनवार (लैलं"पदूंत) की एक फुटेज आईडीएफ ने रविवार को जारी की। इजरायल की सेना ने 16 अक्टूबर को राफा में याह्या सिनवार को ढेर कर दिया था। इजरायल का दावा है कि पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकियों द्वारा इजरायल पर हुए हमले का मास्टरमाइंड सिनवार ही था। आईडीएफ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से सिनवार का फुटेज जारी किया है। फुटेज में देखा जा सकता है कि याह्या सिनवार अपने परिवार के साथ सुरंग से निकल रहा है। फुटेज 7 अक्टूबर 2023 का बताया जा रहा है। उस रात को ही हमास ने इजरायल पर हमला किया था। आईडीएफ का दावा है कि 7 अक्टूबर की रात सिनवार इसी सुरंग में छिपा हुआ था। फुटेज में सिनवार की पत्नी, बच्चे दिख रहे हैं। सिनवार सुरंग में तकिए, गद्दे और टेलीविजन सेट लेकर जाते हुए दिख रहा है। फुट में सिनवार की पत्नी के हाथों में एक काले रंग की पर्स (हैंडबैग) दिख रही है। दावा किया जा रहा है कि इस पर्स की कीमत 32,000 डॉलर है। इजरायल ने दावा किया है कि सिनवार की पत्नी के हाथ में दिख रहे हर्मीस बिर्किन ब्रैंड का पर्स है, जिसकी कीमत 32,000 डॉलर है। इजरायल ने फुटेज का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, जहां एक तरफ गाजा के लोग हमास के शासन में कष्ट झेल रहे थे, सिनवार और उसका परिवार बेशर्मी से विलासिता में जी रहे थे और दूसरों को मरने के लिए भेज रहे थे।

### ट्रूडो ने भारत–कनाडा के राजनीतिक रिश्ते को नष्ट किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा में भारत के उच्चायुक्त रहे संजय कुमार वर्मा ने कहा है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने द्विपक्षीय राजनीतिक संबंधों को बर्बाद कर दिया है। कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में भारत के साथ कोई साक्ष्य साझा नहीं किया है। भारतीय राजनयिकों के खिलाफ ओटावा के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। निज्जर हत्या मामले में विवाद बढ़ने के बाद भारत सरकार ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा व अन्य अधिकारियों को वापस बुलाने का निर्णय लिया था। कनाडा के सीटीवी न्यूज के साथ साक्षात्कार में, उन्होंने कनाडा में कुछ व्यक्तियों को निशाना बनाने में भारत सरकार की संलिप्तता के ओटावा के आरोप को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, हमारे साथ एक भी साक्ष्य साझा नहीं किया गया है। ट्रूडो साक्ष्यों के बजाय खुफिया जानकारी पर भरोसा कर रहे हैं। ट्रूडो ने भारत– कनाडा के राजनीतिक रिश्ते को नष्ट किया। निज्जर की हत्या के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, इन आरोपों को लेकर कोई साक्ष्य पेश नहीं किया गया है। निज्जर की हत्या से कोई लेना–देना है। गौरतलब है कि कनाडा द्वारा वर्मा और कुछ अन्य भारतीय राजनयिकों को इस मामले से जोड़ने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में काफी तनाव आ गया है।

### उत्तरी गाजा में इजरायली सेना के ब्रिगेड कमांडर की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। उत्तरी गाजा में हमास के खिलाफ अभियान के दौरान रविवार 20 अक्टूबर को विस्फोट में इजरायली सेना के एक ब्रिगेड कमांडर की मौत हो गई है। इजरायली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 401वीं ब्रिगेड के कमांडर कर्नल अहसान दक्सा जबालिया क्षेत्र में मारे गए हैं। अपने टैंक से निकलने के बाद वह एक विस्फोटक की चपेट में आ गए। वह साल भर से चल रहे गाजा युद्ध में मारे गए इजरायली सेना के सबसे वरिष्ठ कमांडरों में से एक थे। 41 साल के दक्सा इजरायल के द्रूज समुदाय के सदस्य थे और उन्हें चार महीने पहले ब्रिगेड कमांडर नियुक्त किया गया था। उनकी ब्रिगेड जबालिया में एक अभियान का नेतृत्व कर रही थी। हगारी ने कहा कि घटना में एक अन्य बटालियन कमांडर और दो अधिकारी घायल हुए हैं। इजरायल के रक्षा मंत्री ने बयान जारी कर कहा कि दक्सा श्हमास आतंकवादियों से लड़ते हुएश मारे गए। उन्होंने कहा, श्वे क्षेत्र का निरीक्षण करने बाहर निकले और विस्फोटक से घायल हो गए। इजरायली सेना ने 6 अक्टूबर को जबालिया और उत्तरी गाजा के अन्य हिस्सों में जमीनी और हवाई हमला शुरू किया था।

# सिंगापुर को एक विश्वसनीय ज्ञान साझेदार के रूप में देखता है भारत

**चर्चा**

## केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की सिंगापुर पीएम लॉरेंस वोंग से मुलाकात

- धर्मेंद्र प्रधान ने सिंगापुर के विदेश मंत्री से भी की मुलाकात
- स्कूली शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा
- धर्मेंद्र प्रधान ने किया सिंगापुर के स्कूल का दौरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री महामहिम लॉरेंस वोंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने स्कूली शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और अनुसंधान में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। चर्चा में तीन प्रमुख स्तंभों– प्रतिभा, संसाधन और बाजार के माध्यम से साझेदारी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात पर जोर दिया कि भारत सिंगापुर को एक विश्वसनीय ज्ञान साझेदार के रूप में देखता है, विशेष रूप से डीप टेक, स्टार्टअप और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने में।



धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधानमंत्री वोंग ने भारत–सिंगापुर सहयोग को व्यापक साझेदारी में बदलने के लिए एक मजबूत रूपरेखा तैयार की है, जिसमें महत्वपूर्ण और उभरते क्षेत्रों में सहयोग भी शामिल है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बाला से मुलाकात की। इसकी जानकारी प्रधान ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर दी है। अपने ट्वीट में धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा, सिंगापुर के विदेश मंत्री और प्रिय मित्र विवियन बाला से मिलकर खुशी हुई। हम दोनों ने भारत–सिंगापुर ज्ञान साझेदारी को और मजबूत करने और शिक्षा में हमारे बहुआयामी द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

भविष्य के स्कूल बनाने की दिशा में सर्वोत्तम प्रथाओं को समझने और उनके बारे में अधिक जानने के लिए ह्वा चोंग इंटरनेशनल स्कूल का दौरा किया। इसकी जानकारी उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर साझा की है। प्रधान ने लिखा, छात्रों के अनुभवों को बढ़ाने, सीखने के परिणामों को मजबूत करने और प्रत्येक छात्र की ताकत, प्रतिभा और रचनात्मक गतिविधियों को सामने लाने एआई जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करने के लिए सराहना करता हूँ।

हमारे एनईपी और एचसीआईएस में अपनाए गए पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति और छात्र विकास दृष्टिकोणों में कई समानताएँ पाई गईं। हम अपने छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करके उन्हें जिम्मेदार वैश्विक नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत है जरूरीः रूस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** मॉस्को। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि उनका देश भारत, ब्राजील और अफ्रीकी देशों की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता चाहता है। कहा, वैश्विक संस्था में विश्व की बहुलता के प्रतिनिधित्व के लिए यह जरूरी है। लावरोव ने कहा कि क्षेत्रीय प्रमुखता वाले इन देशों को सुरक्षा परिषद में शामिल किए जाने की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही है।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने एक वेबसाइट से बात करते हुए कहा कि भारत, ब्राजील जैसे देशों के साथ–साथ अफ्रीका के प्रतिनिधियों को भी लंबे समय तक सुरक्षा परिषद में स्थायी तौर पर रहना चाहिए था। वैश्विक बहुमत का प्रतिनिधित्व, प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है। विदित हो कि भारत लंबे समय से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। वह स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी करने की आवश्यकता जता रहा है। 1945 में गठित सुरक्षा परिषद के शुरू से 15 सदस्य हैं। इनमें से पांच स्थायी और 10 अस्थायी होते हैं। अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन पहले ही सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत के दावे का समर्थन कर चुके हैं। लेकिन स्थायी सदस्यों में शामिल चीन इसमें अड़ंगे डाल रहा है।



## मैकडॉनल्ड्स में फ्रेंच फ्राइज बनाते दिखे डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेंसिल्वेनिया। अमेरिका में जैसे–जैसे चुनाव की तारीख पास आ रही है, वैसै–वैसे चुनावी तरकीबे भी अपनाई जा रही है। इस कड़ी में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने फिलाडेल्फिया में अलग तरीके से चुनाव प्रचार किया। बता दें कि अमेरिका में बीते दिन को रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अचानक फिलाडेल्फिया के मैकडॉनल्ड्स फ्रैंचाइज पहुंचे, जबकि उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अटलांटा में पूजा–अर्चना में भाग लिया, ताकि समर्थन जुटाया जा सके। उन्होंने अपनी सफेद शर्ट और लाल टाई के ऊपर एक काले और पीले रंग का एप्रन पहना हुआ था और वह आलू को फ्राई कर रहे थे। इसके बाद ट्रम्प को फिलाडेल्फिया के बाहर मैकडॉनल्ड्स फ्रैंचाइजी की ड्राइव–थ्रू विंडो से अपने कुछ समर्थकों को फ्राइज देते हुए भी देखा गया।

# हमें हमारी जमीन वापस दो! जो तुमने हमसे चुराया है, वो हमें दो!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### ऑस्ट्रेलिया के सीनेटर थोर्प ने संसद में राजा चार्ल्स को घेरा

कैनबरा। सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई संसद में राजा चार्ल्स के दौरे के दौरान स्वदेशी सीनेटर लिडिया थोर्प ने उपनिवेशवाद विरोधी नारे लगाए, जिससे वहां मौजूद सांसद और अन्य गणमान्य लोग दंग रह गए।

75 वर्षीय राजा के भाषण के बाद थोर्प ने लगभग एक मिनट तक चिल्लाते हुए कहा, हमें हमारी जमीन वापस दो! जो तुमने हमसे चुराया है, वो हमें दो!। स्वतंत्र सांसद ने कहा, यह आपकी भूमि नहीं है, आप मेरे राजा नहीं हैं। उन्होंने यूरोपीय प्रवासियों द्वारा आस्ट्रेलियाई मूल निवासियों के नरसंहार की निंदा की। ऑस्ट्रेलिया 100 से ज्यादा सालों तक ब्रिटिश उपनिवेश रहा, इस दौरान हजारों आदिवासी ऑस्ट्रेलियाई मारे गए और पूरे समुदाय विस्थापित हो गए।

देश को 1901 में वास्तविक स्वतंत्रता मिली, लेकिन यह कभी भी पूर्ण रूप से गणतंत्र नहीं बन पाया। किंग चार्ल्स वर्तमान में राज्य के प्रमुख हैं। बता दें कि चार्ल्स ऑस्ट्रेलिया और समोआ की नौ दिवसीय यात्रा पर हैं, जो इस साल की शुरुआत में कैंसर के निदान के बाद से उनका पहला बड़ा विदेशी दौरा है। थॉर्पे को उनके ध्यान खींचने वाले राजनीतिक स्टंट और राजशाही के घोर विरोध के लिए जाना जाता है। जब 2022 में उन्हें पद की शपथ दिलाई गई, तो थोर्प ने अपनी दाहिनी मुट्ठी उठाकर अनिच्छा से महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की सेवा करने की शपथ ली, जो उस समय ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्राध्यक्ष थीं।

सीनेट के एक अधिकारी द्वारा फटकार लगाए जाने से पहले उन्होंने कहा, मैं, संप्रभु, लिडिया थोर्प, गंभीरतापूर्वक और ईमानदारी से शपथ लेती हूं कि मैं उपनिवेशवादी महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के प्रति वफादार रहूंगी और उनकी सच्ची निष्ठा रखूंगी। चैंबर की अध्यक्ष सू लाइन्स ने कहा, सीनेटर थोर्प, सीनेटर थोर्प, आपसे कार्ड पर छपी शपथ को पढ़ने की अपेक्षा की जाती है। 1999 में आस्ट्रेलियाई लोगों ने रानी को हटाने के खिलाफ मतदान किया था, क्योंकि इस बात पर विवाद था कि उनके स्थान पर किसी व्यक्ति का चयन जनता द्वारा नहीं, बल्कि संसद के सदस्यों द्वारा किया जाएगा।

### धरती की तरफ तेजी से आ रहा हवाई जहाज के बराबर एस्टेरॉयड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। आसमान से धरती की तरफ एक बड़ा खतरा मंडरा रहा है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इस बारे में चेतावनी जारी की है। नासा के मुताबिक, 2024 टीपी17 नामक एक क्षुद्रग्रह 24 अक्टूबर को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:50 बजे पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरने वाला है। हवाई जहाज के आकार के बराबर का यह क्षुद्रग्रह लगभग पृथ्वी से 46 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा। खगोलीय दृष्टि से यह दूरी पृथ्वी के बहुत नजदीक है। 170 फीट के आकार का यह एस्टेरॉयड अंतरिक्ष में 20,832 किमी/घंटा की गति से यात्रा कर रहा है। यही वजह है कि नासा ने इसे बारीकी से निगरानी किए जाने वाले पृथ्वी के निकट वस्तु की श्रेणी में रखा है। हालांकि, ऐसी गति एस्टेरॉयड के लिए सामान्य है। लेकिन इसकी नजदीकी खगोलविदों का ध्यान आकर्षित कर रही है।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# एनएचआईडीसीएल ने शुरू किया बद्रीनाथ हाईवे सुधारीकरण का कार्य

**समीक्षा**

## कमेडा से हेलंग तक 20 भूस्खलन क्षेत्रों और 11 भू धसाव स्थलों का होगा ट्रीटमेंट

आगामी यात्रा सीजन से पहले ट्रीटमेंट कार्यो को कर दिया जाएगा पूरा

**संवाददाता**

चमोली। एनएचआईडीसीएल ने जनपद चमोली के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर कमेडा से हेलंग तक सड़क सुधारीकरण का काम शुरू कर दिया है। एनएचआईडीसीएल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर 20 भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों और 11 भू-धसाव स्थलों का ट्रीटमेंट किया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के साथ ठेकदारों को आवार्ड भी कर दिया गया है। इस वर्ष यात्रा सीजन समाप्त होने के बाद इसमें रात-दिन तेजी से काम किया जाएगा और आगामी यात्रा सीजन से पहले ट्रीटमेंट कार्यो को पूरा कर दिया जाएगा। एनएचआईडीसीएल के कार्यो की समीक्षा के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित सोलंकी ने यह बात कही।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन कार्यों, भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों, डम्पिंग स्थलों एवं अन्य लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देशित किया कि आबिट्रेशन में लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुधारीकरण कार्यो को तेजी लाए और आगामी यात्रा सीजन से पहले ट्रीटमेंट कार्यो को पूरा करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें कहीं पर भी समस्या हो तो तत्काल संज्ञान में लाया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कमेडा, नंदप्रयाग, मैठाणा, छिनका, विरही, भनेरपानी, टंगणी, पागलनाला आदि स्थानों पर प्रस्तावित ट्रीटमेंट कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। टंगणी में पीएमजीएसवाई के डंपिंग जोन का मलबा आने से बार-बार राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित होने की समस्या पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को मौके पर निरीक्षण करते हुए प्रोटेक्शन वॉल निर्माण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ताकि बरसात में यात्रा प्रभावित न हो। एनएचआईडीसीएल के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग सुधारीकरण के लिए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों और भू धसाव स्थलों पर सुधारीकरण एवं ट्रीटमेंट का काम शुरू कर दिया गया है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम संतोष कुमार पांडेय, एसडीएम आरके पांडेय, तहसीलदार अर्जुन सिंह बिष्ट, एनएचआईडीसीएल के मैनेजर अंकित सोलंकी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।




## न्यूज डायरी :

### नेताजी संघर्ष समिति ने सुभाष चंद्र बोस और रास बिहारी बोस को किया याद

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को आजाद हिंद फौज के स्थापना दिवस पर अपने कार्यालय कांवली रोड पर एक बैठक कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस और रास बिहारी बोस जी को याद किया। समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि जुलाई 1943 में सिंगापुर में नेताजी भारतीय राष्ट्रीय सेना में शामिल हुए। वहां रास बिहारी बोस जी ने उन्हें सेना का नेतृत्व सौंप दिया था और 21 अक्टूबर 1943 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने पूर्ण रूप से आजाद हिंद फौज का गठन कर उसकी कमान संभाल ली थी। जापान में रहते हुए भारत की आजादी के लिए काम किया और अंग्रेजों के लिए बड़ी चुनौतियां खड़ी कर दी थी जिसके कारण स्वरूप एक दिन अंग्रेजों को भारत छोड़कर भागना पड़ा। देश को आजादी मिली भारतवासी सदैव नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के ऋणी रहेंगे।

### ग्राम पाबौ में आयोजित होगा सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत पाबौ में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को 06 दिवसीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त अवधि में जनपद स्तरीय अधिकारी प्रशिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक केएस रावत ने अवगत कराया है कि सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर, 2024 तक ग्राम पाबौ में ग्रामीणों को 06 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभाग करते हुए प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करने की अपील की है।

### बद्रीनाथ में विधानसभा अध्यक्ष ने पूजा-अर्चना कर देश प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना

**संवाददाता** चमोली। विधानसभा अध्यक्ष रितु खण्डूड़ी भूषण रविवार को अपने तय कार्यक्रम के अनुसार बद्रीनाथ पहुंची। उन्होंने भगवान बद्री विशाल के दर्शन व शयन आरती में प्रतिभाग किया। सोमवार को प्रातः अभिषेक पूजा में प्रतिभाग व पूजा-अर्चना कर देश प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात् उन्होंने रावल अमरनाथ नंबूदरी से आर्शीवाद लिया। वहीं बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने विधानसभा अध्यक्ष को बद्री प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी,धर्माधिकारी राधा कृष्ण थपलियाल, मंदिर अधिकारी राजेन्द्र चौहान,वेदपाठी रविन्द्र भटट,ईओ सुनील पुरोहित आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस की जनाक्रोश रैली, कुमाऊं कमिश्नरी का भी किया घेराव

**संवाददाता** नैनीताल। नैनीताल जिले में विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस की ओर से सोमवार को जनाक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यकर्ता पंत पार्क में एकत्रित हुए। जिसके बाद कार्यकर्ताओं की ओर से कमिश्नरी घेराव किया गया।

जनाक्रोश रैली की अगुवाई नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने की। वक्ताओं ने कहा कि निकाय चुनाव कराने की सरकार की मंशा नहीं है। भाजपा को डर सता रहा है कि वह चुनाव हार जायेंगे। कांग्रेसियों ने राज्य के विभिन्न विभागों में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के साथ ही राज्य के निवासियों को जल, जंगल, जमीन पर हक दिए जाने की मांग की। कहा कृषि



सुधार और नए उद्योग परियोजनाओं की पहाड़ में स्थापना न होने के कारण लोगों को शहरों की ओर जाना पड़ रहा है। आपदा से प्रभावित मोटर मार्गों एवं सिंचाई नहरों का पुनर्निर्माण हो।

कहा भाजपा सरकार की वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुना करने की घोषणा कोरी साबित हुई है। आज किसान महंगे बीज, दवा, लागत के कारण खेती करना छोड़ रहे है। राज्य के किसानों को एमएसपी शीघ्र दी जाए।



## पुलिस कप्तान पौड़ी ने दी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि

**संवाददाता** पौड़ी। सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर पुलिस लाइन पौड़ी में पुलिस के वीर शहीदों को पुलिस कप्तान लोकेश्वर सिंह सहित सम्पूर्ण पुलिस परिवार द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। गौरतलब है कि स्मृति दिवस उन पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए अपने देश और तिरंगे की आन, बान और शान तथा संविधान द्वारा निर्मित किए गए कानूनों की रक्षा करने हेतु अपने प्राणों का सर्वस्व बलिदान कर दिया। उक्त अवसर पर पुलिस कप्तान पौड़ी द्वारा 01 सितम्बर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक विभिन्न प्रदेशों के पुलिस व अर्धसैनिक बलों के कुल 216 जवानों जिनमें उत्तराखण्ड के 04 पुलिस कार्मिक शामिल हैं, को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में किया गया प्रथम रेंडमाईजेशन

**संवाददाता**

### 7-केदारनाथ उप निर्वाचन हेतु 173 पोलिंग बूथों पर 191 पोलिंग पार्टियां तैयार

रुद्रप्रयाग। 07-केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन के निमित्त मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाईजेशन किया गया। निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर पर एनआईसी द्वारा तैयार कार्मिकों के डाटा बेस के आधार पर कार्मिकों की तैनाती की गई।

जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में 07-केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन के लिए कार्मिकों का पहला रेंडमाईजेशन किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त सॉफ्टवेयर पर सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किए गए कार्मिकों के डेटाबेस के आधार पर रेंडमाईजेशन किया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों के संबंध में तैयार किए गए डाटा बेस के संबंध में सूचना विज्ञान अधिकारी से कई मुद्दों पर सवाल-जवाब किए। जिलाधिकारी ने जानकारी ली कि 07-केदारनाथ विधान सभा के 173 पोलिंग बूथों के लिए कितने कार्मिकों की तैनाती की जानी है। साथ ही उन्होंने रिजर्व कार्मिकों की भी जानकारी मांगी। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल कार्मिक से जुड़े अधिकारियों को समय से कार्य निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी कार्मिक डॉ. जीएस खाती ने कार्मिकों की तैनाती के संबंध में की गई तैयारियों की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 173 पोलिंग बूथों पर 10 प्रतिशत रिजर्व कार्मिकों सहित 191 पोलिंग पार्टियां तैयार की गई हैं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र कुमार बिष्ट, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, सूचना विज्ञान अधिकारी दीप्ति चमोली, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरज कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### 04 नवंबर को बंद होंगे श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। तृतीय केदार श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट शीतकाल हेतु आगामी 04 नवंबर को पूर्व परम्परा के अनुसार बंद कर दिए जाएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने अवगत कराया है कि भगवान श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट आगामी शीतकालीन हेतु 04 नवंबर, 2024 को बंद कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्री तुंगनाथ जी की उत्सव डोली यात्रा कार्यक्रम के तहत 04 नवंबर को प्रातः प्रस्थान कर डोली रात्रि विश्राम हेतु चोपता पहुंचेगी। अगले दिन 05 नवंबर को चोपता से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम हेतु भनकुन गुफा पहुंचेगी। 06 नवंबर को उत्सव डोली भनकुन गुफा में ही अवस्थान करेगी जबकि 07 नवंबर, 2024 को श्री तुंगनाथ जी की उत्सव डोली भनकुन गुफा से प्रस्थान कर अपने शीतकालीन गद्दी स्थल श्री मक्कूमठ मंदिर में पहुंचेगी।

# सबसे बड़ी खेप

**पुलिस की तत्परता और कुशलता काबिले तारीफ है। लेकिन ड्रग्स की चुनौती से निपटने के लिए यह काफी नहीं। समझना होगा कि इसके प्रॉडक्शन और डिमांड को खत्म किए बगैर सप्लाई के फ्लो को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने 562 किलो कोकेन की जो खेप पकड़ी, वह निश्चित रूप से बड़ी कामयाबी कही जाएगी। हालांकि उसकी यह कामयाबी उसी अनुपात में चिंता भी जगाती है क्योंकि इससे पता चलता है कि इंटरनैशनल नेटवर्किंग के जरिए यह जहर न केवल भारत में लाया जा रहा है बल्कि इसे समाज के अलग–अलग हिस्सों तक पहुंचाया भी जा रहा है। दिल्ली पुलिस की यह जब्ती सबसे पहले तो अपनी विशाल मात्रा की वजह से ही ध्यान खींचती है। 6.5 हजार करोड़ रुपये मूल्य की यह खेप दिल्ली में अब तक पकड़ी गई कोकेन की सबसे बड़ी मात्रा बताई जा रही है। मगर यह हाल के दिनों की इकलौती जब्ती नहीं है। कुछ समय पहले ही दिल्ली एयरपोर्ट पर 6 किलो ग्रेड ए कोकेन बरामद की गई थी। 2022 में मुंद्रा पोर्ट पर 500 करोड़ रुपये की 56 किलो कोकेन बरामद हुई थी। 2021 में तमिलनाडु के तूतीकोरिन पोर्ट पर 300 किलो कोकेन पकड़ी गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2000 करोड़ रुपये आंकी गई थी।



साफ है कि भारत में कोकेन पहुंचाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। बुधवार की पुलिस कार्रवाई से सामने आए तथ्य भी बताते हैं कि कोकेन का इंटरनैशनल कार्टेल सुनियोजित ढंग से भारत में कोकेन पहुंचा रहा है। इसका पूरा तंत्र बना हुआ है जो काम भी कर रहा है। प्लानिंग, कम्युनिकेशन, डिलिवरी और पेमेंट– सबका पूरा सिस्टम बना हुआ है। बताया जा रहा है कि ये कोकेन दिल्ली, मुंबई और गोवा में अगले कुछ महीनों में होने वाले म्यूजिक कंसर्ट को ध्यान में रखते हुए लाई गई थी। नशे के इन सौदागरों की नजर में ये कंसर्ट ड्रग्स की खपत बढ़ाने का जरिया हैं।

अच्छी बात यह है कि पुलिस इस मामले के अंतरराष्ट्रीय पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रही है। कोकेन कारोबार ग्लोबल नेटवर्किंग के जरिए ही फलता–फूलता है। इसे तैयार करने वाले कोका प्लांट मुख्यतया तीन लैटिन अमेरिकी देशों– पेरू, बोलीविया और कोलंबिया दृ में हैं। वहां से शिपमेंट के जरिए लंबे–चौड़े समुद्री मार्ग से इसे दुनिया भर में भेजा जाता है। दिल्ली में पकड़ी गई ताजा खेप भी पनामा रूट से इथियोपिया और दुबई होते हुए दिल्ली भेजी गई थी।

इसमें कोई दो राय नहीं कि इस मामले में पुलिस की तत्परता और कुशलता काबिले तारीफ है। लेकिन ड्रग्स की चुनौती से निपटने के लिए यह काफी नहीं। समझना होगा कि इसके प्रॉडक्शन और डिमांड को खत्म किए बगैर सप्लाई के फ्लो को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है। जाहिर है, सरकार और समाज को मिल–जुलकर एक लंबी लड़ाई के लिए कमर कसनी होगी।

## भगवान पर विश्वास

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** जैसे ही एक 100 वर्ष पूरा होने ही वाला था कि हम राजेश के त्यौहार पर आता है और लोहा से कहता है कि तुम्हारा वक्त पूरा हो चुका है चलो मेरे साथ। उसके बाद लोहार अपनी होशियारी दिखाता है और यमुना से कहता है कि मुझे थोड़ी सी काम है मैया हथियारों को अलग अलग करके एक जगह रख दूं ताकि जो भी आएगा इसे ले जाएगा अपने प्रयोग के लिए। उसके बाद लोहार यमुना से कहता है कि आप उस कुर्सी पर बैठे 2 मिनट में मैं अपना काम पूरा कर लेता हूं मैं फिर आपके साथ चलने के लिए तैयार रहूंगा। जैसे ही महात्मा जी वरदान दिया गया कुर्सी पर यमराज जी बैठता है लोहार बहुत ज्यादा खुश हो जाता है। वह बहुत ज्यादा जोरों से हंसने लगता है और कहता है कि आप मेरी मर्जी के बगैर तो कोई उठ भी नहीं पाएगा तुम मुझे मेरी मृत्यु तक पैसे लेकर जाओगे।

........... **शेष कल**

## संपादकीय

### अफसरी सोच है समस्या

लोकतंत्र का उद्देश्य आम आदमी का सशक्तीकरण है। लेकिन होता है उल्टा। यह सिर्फ भारत मे ही है कि केवल एक परीक्षा पास कर कोई भी सत्ता के शीर्ष पर पहुंच जाता है। इसका गुरूर भी रहता है कि उन्होंने सबसे कठिन परीक्षा पास की है। स्वाधीनता के बाद बिना किसी बहस के पूरे औपनिवेशिक ढांचे को न सिर्फ ले लिया गया बल्कि उसे और शक्तियां दे दी गईं। प्रशासन के जरिए विकास की अवधारणा बनी, जिससे नौकरशाही का दायरा और विस्तृत हो गया। राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री के रूप में नौकरशाही का वर्णन इन शब्दों में किया थारू 'हमारे पास सरकारी सेवक हैं जो सेवा नहीं करते हैं बल्कि गरीबों और कमजोरों को सताते हैं। उनका एकमात्र सरोकार समाज की कीमत पर अपना निजी कल्याण करना है।' दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग ने इसी तरह की बातें कहीं। पूजा ने जो किया वह उस सिंड्रोम का अतिरंजित रूप है। पूजा जैसी सोच और प्रवृत्ति वाले न जाने कितने अफसर होंगे, जिनके कारनामे सामने नहीं आए हैं। जरूरत यह समझने और समझाए जाने की है कि सत्ता ट्रस्ट है, अपना महत्व दिखाने का जरिया नहीं।

लाल बत्ती और वीआईपी नंबर लगाकर अपने विशिष्ट होने का एहसास कराना भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए सामान्य बात है।

# वीआईपी होने का एहसास

सुधांशु रंजन।।

भारतीय प्रशासनिक सेवा से पूजा खेडकर को मुअत्तल किया जाना एक अलहदा घटना नहीं है। यह नौकरशाही में लगे घुन को दिखाता है, जो अंदर ही अंदर उसे खा रहा है। वैसे पूजा ने खुद परेशानी मोल ली अपनी व्यक्तिगत महंगी कार में अवैध तरीके से लाल बत्ती लगाकर। कार का नंबर भी वीआईपी था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इससे सोशल मीडिया की ताकत का भी एहसास होता है।

आगे की जांच से पता चला कि उसने अपनी जाति, आर्थिक हैसियत और विकलांगता के बारे झूठे तथ्य प्रस्तुत किए। यह भ्रष्टाचार है, जो शासन के ऊपर सवाल खड़े करता है। लेकिन लाल बत्ती और वीआईपी नंबर लगाकर अपने विशिष्ट होने का एहसास कराना भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए सामान्य बात है। इस सेवा में चयन होते ही उनके अंदर यह भावना घर कर जाती है कि उनका स्थान समाज में विशिष्ट है।

नौकरशाही का ऐसा चरित्र कैसे बना, इसे समझने के लिए इतिहास में झांकना पड़ेगा। 1861 में इंडियन सिविल सर्विस अधिनियम बनाया गया, जिसका मकसद था 1793 अधिनियम को नजरअंदाज कर भारत में सिविल सेवा में की गई सभी नियुक्तियों को वैध ठहराना। प्रारंभ में



इसे सिविल सर्विस कहा गया। उसमें नियुक्त किए जाने वाले सभी अंग्रेज होते थे, जिन्हें इंग्लैंड से भारत भेजा जाता था। बाद में चार्टर अधिनियम, 1853 में सिविल सेवा का दरवाजा भारतीयों के लिए भी खोल दिया।

सत्येंद्र नाथ ठाकुर पहले भारतीय थे, जिन्हें 1864 में विशेष अवसर एवं सुविधा वाली आईसीएस में प्रवेश मिला। 1871 में चार और भारतीय इस सेवा में शामिल हुए सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, रमेश चंद्र दत्त, बिहारी लाल गुप्ता व श्रीपाद बाबाजी। बनर्जी ने लिखा है कि कैसे भारतीयों को अपमान के घूंट पीने पड़ते थे और कैसे उन्हें बेतुके आधार पर बर्खास्त कर दिया गया। सहायक दंडाधिकारी पौसफोर्ड उनसे दो साल वरीय थे। लेकिन दोनों एक साथ विभागीय परीक्षा में बैठे। बनर्जी पास हो गए और पौसफोर्ड फेल। बनर्जी ने लिखा है, 'वह यूरोपीय थे, मैं भारतीय था। इसलिए मेरी सफलता मेरी बर्बादी का कारण बनी।'

अंग्रेजी राज में प्रशासन सरकार का पर्याय था। डेविड सी पॉटर ने सटीक टिप्पणी की है, आईएएस अधिकारी औपचारिक रूप से जनसेवक हैं जबकि उनके पूर्ववर्ती स्वयं ही सरकार थे।' 1907 में बाल गंगाधर तिलक ने भी ऐसी ही टिप्पणी की थी कि भारत सचिव अधिकारियों की इच्छा के बगैर कुछ नहीं कर सकते हैं। जलियांवाला बाग कांड के बाद यह प्रमाणित भी हो गया, जब भारत सचिव कार्रवाई करने में बेबस नजर आए क्योंकि नौकरशाही किसी भी जांच के खिलाफ थी।

सिविल सेवा निर्वाचित सरकार के अधीन काम करने को भी तैयार नहीं थी। 1937 में कांग्रेस व कुछ अन्य दलों ने अलग–अलग राज्यों में सरकारें बनाईं। जुलाई 1937 में ही बिहार में कांग्रेस की सरकार बनी। नौकरशाही इससे किस तरह विचलित हुई, इसका प्रमाण ब्रेट सर्कुलर से मिलता है।

### अष्टयोग-5046

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 1 | | 2 | | 3 |
| 7 | 32 | 5 | 31 | 3 | 30 | 1 |
| 4 | | | | 7 | | |
| | 22 | 2 | 40 | 6 | 39 | |
| | 3 | | | 5 | | |
| 1 | 34 | 6 | 37 | | 28 | |
| | 5 | | | 1 | 2 | 4 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

*अष्टयोग 5045 का हल*

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 28 | 6 | 29 | 4 | 30 | 2 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 2 | 36 | 7 | 38 | 6 | 25 | 3 |
| 6 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 7 | 33 | 5 | 36 | 5 | 33 | 4 |
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### दूसरा परिपत्र

**मोहन।** राज्य के मुख्य सचिव डब्लू बी ब्रेट ने 8 दिसंबर 1937 को एक सर्कुलर जारी किया जिसमें अधिकारियों से कहा गया कि कार्यकारी कामकाज नियमावली के नियम 13 की जरूरतों को उन्हें भूलना नहीं चाहिए जिसके अंतर्गत कोई भी सरकारी आदेश सचिव, अवर सचिव या सहायक सचिव के हस्ताक्षर से ही जारी होंगे। मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिन्हा और उनके मंत्रिमंडल ने इस पर आपत्ति की। लेकिन सर्कुलर में वही था, जो नियमावली में था। आज भी स्थिति तकनीकी रूप से वही है। खैर, उस परिपत्र पर रोक लगाई गई। ब्रेट के ही हस्ताक्षर से दूसरा परिपत्र 24 दिसंबर को जारी किया गया, लेकिन उसमें पहले परिपत्र की कोई चर्चा नहीं थी और न ही उसे गलत बताया गया था। आईसीएस का मकसद था ब्रिटिश साम्राज्य को लंबे समय तक बनाए रखना। ताज्जुब नहीं कि सुभाष चंद्र बोस ने पै से दो–तीन दिनों में ही इस्तीफा दे दिया। जब उनके बड़े भाई शरत बोस ने उन्हें लिखा कि पिताजी चाहते हैं, वे सेवा में बने रहें, तो सुभाष ने दो टूक जवाब दिया, 'मैं ब्रिटिश साम्राज्य के प्रति वफादारी की शपथ नहीं ले सकता।'





## आमिर ने सुनाया पूरा किस्सा कि करण जौहर की बर्थडे पार्टी पर क्या हो रहा था

बॉलीवुड में कुछ सितारे ऐसे भी हैं जो अवॉर्ड फंक्शन से और पार्टियों से खुद को दूर रखना पसंद करते हैं। ऐसे ही एक्टर्स में से एक नाम है आमिर खान का। संभवतः वह दूसरों की तरह पार्टी एनिमल नहीं हैं इसलिए शायद फिल्मी सितारे उनके लिए बोरिंग शब्द का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसी पार्टियां क्यों उन्हें नहीं जंचती ,इसका खुलासा खुद आमिर खान किया था। एक बार करण जौहर के चौट शो पर आमिर खान करीना कपूर के साथ पहुंचे थे। इस शो पर उन्होंने करण जौहर की ही बर्थजे पार्टी का एक ऐसा किस्सा सुनाया, जहां सितारे कैमरों से दूर एक–दूसरे के साथ खुलकर जीते हैं। आमिर खान ने कहा, मैं आपकी पार्टी पर आया था, बर्थडे पार्टी थी। बहुत अच्छा आपने मनाया था। थोड़ी हाइट पर खड़े होकर प्लैटफॉर्म से मैं पूरी पार्टी को देख रहा था। लाउड म्यूजिक चल रहा था। इतना लाउड था और मां कसम कोई डांस नहीं कर रहा था। हालांकि, करीना बीच में टोकते हुए कहती हैं कि 10 लोग सुबह 2–3 बजे तक डांस कर रहे थे यार। आमिर उनसे कहते हैं– अरे यार, सुन तो लो यार। जोर–जोर से लोग बात कर रहे हैं क्योंकि म्यूजिक लाउड है। उनकी नसें दिख रही हैं। तो मैं ये नजारा देख रहा हूं कि 100 लोग जोर–जोर से बात कर रहे हैं और डांस कोई नहीं कर रहा है।

## रणवीर सिंह बोले– हमारे देश में लोग दो सवाल पूछते हैं

ओरी हमेशा ही किसी न किसी फिल्म स्टार्स के साथ अपनी क्लोज बॉन्डिंग वाली झलकियों को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं। इस बार ओरी किसी एक्ट्रेस की वजह से नहीं बल्कि एक्टर रणवीर सिंह को लेकर चर्चा में हैं। वीडियो में दोनों क्लोज बॉन्डिंग शेयर करते दिख रहे हैं और एक्टर ने फिल्म जगत का सबसे बड़ा सवाल पूछा है। ओरी ने ये वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस क्लिप में ओरी रणवीर सिंह से चिपके हुए दिख रहे हैं और फन मोमेंट को इंजॉय कर रहे हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें शसिंघम अगेनश एक्टर ओरी की जिंदगी से जुड़ा मजेदार सवाल पूछ रहे हैं। सवाल वही है जो अक्सर लोग पूछते हैं। इस वीडियो में कैमरे की ओर देखते हुए, रणवीर ने ओरी के कंधे पर हाथ रखा और हिंदी में मजाकिया अंदाज में कहा– अक्सर हमारे देश में लोग दो सवाल पूछते हैं। पहला– कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा? और दूसरा– ये ओरी करता क्या है? ओरी ने लिखा– ये वो सवाल हैं जो हमें परेशान करते हैं।


## क्या सलमान को बिश्नोई से बचाने की कोशिश में मारे गए बाबा सिद्दीकी?



सलमान खान के पिता और मशहूर स्क्रीनराइटर सलीम खान ने जहां लॉरेंस बिश्नोई द्वारा एक्टर को मिल रहीं ध् ामकियों पर रिएक्ट किया है, वहीं इस बात पर भी चुप्पी तोड़ी कि क्या छब्ब नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या सलमान के कारण हुई? बाबा सिद्दीकी, सलमान के करीबी दोस्त थे और 12 अक्टूबर को उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ने ली थी और वजह सलमान से दोस्ती बताई थी। क्या सलमान खान और बाबा सिद्दीकी की हत्या के बीच कोई कनेक्शन है? इस पर सलीम खान ने चुप्पी तोड़ी है। सलीम खान ने कहा, नहीं, मुझे नहीं लगता है कि इसका कोई ताल्लुक है। इससे कोई ताल्लुक नहीं है, मुझे नहीं लगता। बाबा सिद्दीकी का इससे क्या ताल्लुक होगा? किसी को भी चीज का बना दीजिए। आपने हमको सलाम नहीं किया, अब हम आपको मार देंगे। आपने हमको नमस्ते नहीं किया, हम मार देंगे। सलीम खान से पूछा गया कि एक नरेटिव चल रहा है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या इसलिए कर दी गई क्योंकि वह सलमान को लॉरेंस बिश्नोई से बचाने की कोशिश कर रहे थे। तो इस पर सलमान के पिता बोले, श्पुलिस भी सलमान और मेरे पूरे परिवार की सुरक्षा कर रही है। इसमें क्या है? हर कोई बचना चाहता है। जिंदगी जो है, कभी भी जा सकती है और किसी की भी जा सकती है।

# विलेन के रोल निभाने से विजय वर्मा की इमेज बिगड़ी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*कुछ समय पहले रिलीज हुई सीरीज आईसी814ः द कंधार हाईजैक में अपने रोल के लिए तारीफें बटोरने वाले विजय वर्मा ने कई फिल्मों और सीरीज में नेगेटिव रोल भी प्ले किए। वह विलेन बने तो इतनी अच्छी परफॉर्मेंस दी कि इसका उनकी इमेज पर बुरा असर पड़ा। असल जिंदगी में महिलाएं और लड़कियां भी उनके नजदीक आने से डरने लगीं। इसका खुलासा खुद विजय वर्मा ने एक इंटरव्यू में किया है। विजय वर्मा ने यह भी बताया कि सिंगर सुनिधि चौहान ने उन्हें उनके नजदीक न आने की चेतावनी भी दे दी थी।*

**विजय वर्मा से खौफ खाती थीं महिलाए**

विजय वर्मा ने बताया कि कई खूबसूरत लड़कियों और उनकी मम्मियों ने एक्टर से कहा कि उन्हें उनसे डर लगता है। इस वजह से विजय वर्मा बहुत परेशान हो गए थे। मालूम हो कि विजय ने डार्लिंग्स और दहाड़ जैसी वेब सीरीज के अलावा फिल्म पिंक में विलेन का रोल किया।

**लड़कियों और उनकी महृम ने कहा कि तुमसे डर लगता है**

विजय वर्मा ने कहा, कई सुंदर लड़कियों और उनकी मॉम ने मुझसे कहा कि उन्हें मुझसे डर लगता है। इस बात ने मुझे बड़ा परेशान किया। मैंने पिंक में पहला विलेन का रोल निभाया था। वह रोल छोटा था, पर मुझे याद है कि उस फिल्म की स्क्रीनिंग में सभी औरतें थीं। वहां वो सब एक्ट्रेसेस भी थीं, जिन्हें मैं कभी स्क्रीन पर देखा करता था।



**सुनिधि चौहान ने कहा कि मेरे पास मत आना**

विजय वर्मा ने आगे बताया, स्क्रीनिंग तक तो सब ठीक था, पर उसके बाद सभी रोने लगे। कुछ लोग तो बाहर जाने को भी तैयार नहीं थे। वहां सुनिधि चौहान भी बैठी थीं, मैं उन्हें संभालने पास गया तो वह बोलीं– मेरे पास मत आना। मुझे तुमसे डर लग रहा है। मैं सोचने लगा कि क्या हो गया? फिर मेरे डायरेक्टर ने मुझे अलग ले जाकर समझाया कि तुमने फिल्म में बहुत अच्छा काम किया है।

**विजय वर्मा का फैसला**

पिंक साल 2016 में आई थी। इसमें तापसी पन्नू और अमिताभ बच्चन भी थे। इसके बाद विजय वर्मा ने फैसला किया कि वह आने वाले प्रोजेक्ट्स से अपनी इस नेगेटिव छवि को बदलने की कोशिश करेंगे। आईसी814ः द कंधार हाईजैक में विजय वर्मा कैप्टन के रोल में दिखे, जिसमें वह काफी पसंद किए गए।

# निया शर्मा इन दिनों थाईलैंड में बिता रही हैं छुट्टियां

*निया शर्मा इन दिनों थाईलैंड के फी फी आइलैंड पर घूम रही हैं। वो अपनी मस्ती भरी तस्वीरें और वीडियो शेयर कर रही हैं। निया जलपरी की तरह पानी में खेलती नजर आईं। वीडियो के बीच में पोज देतीं निया शर्मा को नहीं पता था कि अब क्या होनेवाला है।*



निया शर्मा भले बिग बॉस 18 का हिस्सा न बनी हों, लेकिन इस वक्त वो अलग–अलग वजहों को लेकर खबरों में हैं। फिलहाल निया अपने फुर्सत के पल बिताती दिख रही हैं। निया इन दिनों थाईलैंड में हैं और वहां की झलकियां खूब शेयर कर रही हैं। फिलहाल निया ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वो जलपरी बनी दिख रही हैं। निया थाइलैंड के फी फी आइलैंड पर खूब सारी मस्ती करती दिखीं। यहां वो बिल्कुल मछलियों की तरह पानी में अटखेलियां करती दिखीं। कभी लो समंदर की भागती लहरों से भिड़ने पहुंच गईं तो कभी बोट पर हरे–नीले समंदर को चीरती आसमान के नीचे सुकून वाले पलों को जीती दिखीं।

**पानी की लहरों ने निया को दूर तक बहाया**

इस वीडियो के बीच में निया समंदर की लहरों पर जैसे ही लेटती हैं, पानी की लहरें उन्हें बहा ले जाती हैं, शायद इसके लिए वो तैयार नहीं थीं। नीचे दिए इस वीडियो में भी अंत में कुछ ऐसा झटका लगता है कि निया चीख उठती हैं।

**दौड़ती-भागती और मस्ती करती दिखीं निया**

निया ने ये वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। निया ने कैप्शन में बताया है कि आखिरकार वो वहां पहुंच गई हैं जिसकी प्लानिंग उन्होंने की थी। हरे समंदर की तेज आती लहरों के सामने कभी खुद को पेश करती तो कभी दौड़ती–भागती और मस्ती करती दिखीं।

**बिग बॉस 18 को लेकर चर्चा में थीं निया**

हाल ही में निया को लेकर खबर थी कि वो बिग बॉस 18 का हिस्सा बनने जा रही हैं। दरअसल खतरों के खिलाड़ी 14 में होस्ट रोहित शेट्टी ने अनाउंस किया कि निया बिग बॉस 18 में पार्टिसिपेट कर रही हैं। लेकिन लोगों की उम्मीदों पर तब पानी फिर गया जब शो के प्रीमियर पर ही निया ने सोशल मीडिया पोस्ट में ये साफ कर दिया कि वो इस शो का हिस्सा नहीं बन रही हैं।

# आंखों की गंभीर समस्या है ब्लॉक्ड टियर डक्ट, आसान हैं बचाव



**ब्लॉक्ड टियर डक्ट के लक्षण**

मेयो क्लिनिक के अनुसार आंसू की नली में रूकावट होने पर कुछ ऐसे लक्षण नजर आ सकते हैं जैसे आंखों का लाल होना, आंखों से पस निकलना, आंखों में बार–बार इन्फेक्शन होना, धुंधला दिखाई पड़ना, पलकों पर पपड़ी जम जाना, आंखों से बार–बार पानी आना और आंखों में हर वक्त भारीपन या सूजन महसूस होना आंखों के अंदरूनी कोने में सूजन होना जिसमें दर्द भी हो सकता है।

*आंसू जो आंखों की सतह पर मौजूद होते हैं आंखों को नम और साफ बनाए रखते हैं। जब आंखों की नली में रुकावट होती है यानी व्यक्ति को ब्ल०क्ड टियर डक्ट की समस्या होती है तो आंसू सामान्य रूप से नहीं निकल पाते और जिसके कारण आंखों से बार बार पानी निकलने की समस्या होने लगती है।*

ब्लॉक्ड टियर डक्ट के कारण

ब्लॉक्ड टियर डक्ट के कई कारण हो सकते हैं जैसे आंख में ट्यूमर हो जाने पर इस नली पर दबाव पड़ता है, ऐसे में यह बंद हो जाती है और आंसू आंखों से बाहर नहीं निकल पाते हैं। नाक का मांस बढ़ने के कारण या नाक पर चोट लगने की वजह से भी ब्लॉक्ड टियर डक्ट की समस्या होती है। कंजेक्टिवाइटिस की वजह से आंसू की नली बंद हो जाती है। उम्र से जुड़ी समस्याएं, खोपड़ी का विकास ठीक तरह से ना होना, नाक का इन्फेक्शन आंसू की नली को बंद कर सकता है और साइनस भी इसका एक मुख्य कारण है।

**बच्चों में ब्लह्क्ड टियर डक्ट**

ब्लॉक्ड टियर डक्ट की समस्या ज्यादातर बच्चों को होती है लेकिन या बड़ों में भी हो सकती है। बच्चों में गर्भ से ही यह समस्या शुरू हो जाती है। जब शिशु गर्भ में होता है उस दौरान उसके शरीर के अंदर पतली झिल्ली मौजूद होती है। इस झिल्ली को नसोलेक्रीमल डक्ट कहते हैं। जन्म के समय जब यह झिल्ली नहीं खुलती है तो आंखों की नस बंद हो जाती है।

**ब्लह्क्ड टियर डक्ट का इलाज**

इस बीमारी का इलाज इसके कारण पर निर्भर करता है। आंसू की नली के बंद होने का कारण जानना सबसे जरूरी है। अगर ट्यूमर की वजह से यह समस्या हो रही है तो ट्यूमर का इलाज करना बेहद जरूरी है। इसके लिए आपको डॉक्टर से सलाह लेने की जरूरत है। अगर इंफेक्शन के कारण ब्लॉक्ड टियर डक्ट की समस्या हुई है तो डॉक्टर आई ड्रॉप और एंटीबायोटिक दवाइयों से इसका इलाज कर सकते हैं। बच्चों की आंखों में अगर यह समस्या है तो यह दो–तीन महीने के बाद प्राकृतिक रूप से ही ठीक हो जाती है। बच्चों में मसाज के जरिए इस समस्या को दूर किया जा सकता है।




## बाइपोलर डिसऑर्डर में पल–पल बदलता है मूड, हर प्रकार के अलग होते हैं लक्षण

बाइपोलर डिसऑर्डर एक मानसिक समस्या है जिसमें बहुत अधिक मूड स्विंग होता है। इस हाइली सेंसिटिव बीमारी में रोगी को डिप्रेशन और मेनिया दोनों ही होते हैं। यानी जब आप दुखी होते हैं तो आपकी सारी उम्मीदें टूट जाती है। वहीं जब आपका मूड मेनिया या हाइपोमानिया में बदलता है तो आप काफी खुश, उत्साहित और एनर्जी से भरपूर रहते हैं। यह मूड स्विंग आपकी नींद, ऊर्जा, एक्टिविटी, व्यवहार और सोचने के तरीके को प्रभावित करते हैं। बाइपोलर डिसऑर्डर के मरीजों को इन दोनों बीमारियों के एपिसोड साल में एक बार हो सकते हैं या फिर यह बार–बार भी होने की संभावना रहती है। हालांकि यह विकार एक आजीवन स्थिति है लेकिन उपचार से आपको इस राहत मिल सकती है। ज्यादातर मामलों में हेल्थ एक्सपर्ट्स बाइपोलर डिसऑर्डर के मरीज का इलाज दवाइयों के अलावा टॉक थेरेपी से करते हैं जिसे साइकोथेरेपी के रूप में भी जाना जाता है। मेनिया और हाइपोमानिया दोनों अलग हैं लेकिन इनके लक्षण एक ही होते हैं। मेनिया हाइपोमानिया से ज्यादा गंभीर होता है। इस बीमारी के इलाज के लिए आपको अस्पताल में भी भर्ती होना पड़ सकता है। हाइपोमानिया कम अवधि तक रहता है यह आमतौर पर कुछ दिनों का होता है। हालांकि इसके समय की अवधि अलग–अलग हो सकती है। वयस्कों की तरह बच्चों को भी बाइपोलर डिसऑर्डर हो सकता है।

## क्यों जरूरी होता है शरीर का बेसिक मेटाबॉलिज्म पैनल टेस्ट

बेसिक मेटाबोलिक पैनल के टेस्ट शरीर के फ्ल्यूड में होने वाले बदलाव, शुगर, मेटाबॉलिज्म और किडनी फंक्शन के बारे में आपको एक अंदाजा दे देते हैं। इससे आपको पता चलता है कि आपके बॉडी फंक्शन बेहतर तरीके से काम कर रहे हैं या उनमें किसी तरह की कोई परेशानी है। साल में एक बार यह टेस्ट जरूर करवाने चाहिए। इनके रिजल्ट से आप को आपके शरीर के सारे फंक्शन और कमियों के बारे में पता चल जाएगा। इसलिए इन्हें जरूर करवाएं। यह टेस्ट आपकी सेहत पूरी तरह से सही है, यह जानने के लिए जरूरी होते हैं और समय समय पर करवाते रहने चाहिए। अगर आप को किसी तरह की शारीरिक समस्या भी होगी तो आप को तुरंत शुरुआत में ही इसके बारे में पता चल जाएगा। इन टेस्टों के माध्यम से डॉक्टर आपके शरीर के ब्लड फिल्टरेशन, एसिड या बेस के बैलेंस, ब्लड शुगर लेवल, इलेक्ट्रोलाइट लेवल के बारे में जान सकते हैं। अगर आप को किडनी, फेफड़ों या इंसुलिन से जुड़ी कोई समस्या है तो समय रहते ही इन टेस्टों के माध्यम से इन बीमारियों का पता लगाया जा सकता है।

## कैल्शियम की कमी से हो सकता है ऑस्टियोपोरोसिस, टूट सकती है हड्डी




कैल्शियम शरीर के लिए एक आवश्यक पौष्टिक तत्व होता है। यह हड्डियों को मजबूत रखने के लिए जरूरी होता है। आपके दिन प्रतिदिन के कामों को पूरा करने के लिए कैल्शियम की जरूरतें पूरी करनी काफी जरूरी होती है। इसके अलावा आपको पता होना चाहिए की आपके शरीर में लगभग एक किलोग्राम कैल्शियम होता है और उसका 99 प्रतिशत आपके जोड़ों में होता है। अगर आप हेल्दी चीजें खाते हैं तो केवल डाइट मात्र से ही आपकी कैल्शियम की जरूरतें पूरी हो जाती है। अगर आप सप्लीमेंट एड करने के साथ साथ डाइट में भी कैल्शियम को शामिल कर देते हैं तो आपको अच्छे नतीजे मिलने शुरू हो जाएंगे। कैल्शियम के कुछ अच्छे स्रोत जो डाइट से प्राप्त हो सकते हैं वह हैं रू हरी सब्जियां, डेयरी उत्पाद, सोए प्रोडक्ट्स, बादाम, फोर्टीफाइड ब्रेड और सीरियल आदि। अगर आप सप्लीमेंट एड करने के साथ साथ डाइट में भी कैल्शियम को शामिल कर देते हैं तो आपको अच्छे नतीजे मिलने शुरू हो जाएंगे। कैल्शियम के कुछ अच्छे स्रोत जो डाइट से प्राप्त हो सकते हैं वह हैं हरी सब्जियां, डेयरी उत्पाद, सोए प्रोडक्ट्स, बादाम, फोर्टीफाइड ब्रेड और सीरियल आदि। जिस प्रकार कम मात्रा में कैल्शियम का सेवन करना आपके लिए खतरनाक हो सकता है उसी तरह ज्यादा मात्रा में कैल्शियम का सेवन करना भी आपके लिए थोड़ा खतरनाक साबित हो सकता है।

# कड़वा हो रहा है मुंह का स्वाद तो हो सकता है माउथ बर्निंग सिंड्रोम



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*अगर आपके मुंह में बार बार जलने जैसा महसूस होता है और वह भी बिना किसी कारण के तो जरूर ही आप बर्निंग माउथ सिंड्रोम के शिकार हैं। इस स्थिति में आपको आपकी जीभ, मसूड़े, होंठ, गाल का अंदरूनी भाग, मुंह का ऊपर वाला हिस्सा जलता हुआ महसूस होता है। यह काफी गंभीर भी हो सकता है और आपको काफी असहज और दर्द महसूस हो सकता है। आपको इसमें ऐसा महसूस होता है मानो खुद की जीभ को अधिक गर्म दूध पी कर जला लिया हो। यह सिंड्रोम एकदम से होता है लेकिन इसके लक्षण समय के साथ साथ बढ़ते जाते हैं। इसका कारण पता नहीं चल पाया है। इसके लक्षणों को जान कर आप अपने डॉक्टर की मदद से अपने मुंह की सेहत को एकदम अच्छा रख सकते हैं। आइए जान लेते हैं इस सिंड्रोम से जुड़ी जानकारी के बारे में।*

**लक्षण**

इसका सबसे मुख्य लक्षण मुंह के अलग अलग हिस्सों में जलन महसूस होना ही है। आपको अपनी जीभ, मसूड़ों और गले में जलने जैसा महसूस हो सकता है। आपको हमेशा अपना गला सूखा हुआ लगेगा और प्यास ज्यादा लगने लगेगी। आपके मुंह का स्वाद बदल जाएगा। आपको मुंह में कड़वापन महसूस होगा। आपकी स्वाद की क्षमता काफी हद तक चली जाएगी। मुंह में गुदगुदाहट या सुन्नपन महसूस होना।

**डह्क्टर को कब दिखाएं?**

जब आपको लगे की आपके लक्षण ठीक होने की बजाए दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं तो आप को डॉक्टर के पास जाना चाहिए। अगर आप का खाना पीना भी मुश्किल हो जाए और लक्षणों की गंभीरता बढ़ने लगे तो डॉक्टर के पास जा कर अपना इलाज जरूर शुरू करवा लें।



**कारण**

इसका मुख्य कारण तो अभी ठीक से पता नहीं चल पाया है लेकिन कुछ एक्सपर्ट्स इसको स्वाद और दर्द की नर्व से जुड़ी हुई स्थिति मानते हैं। इसके कारणों में बहुत सी चीजें शामिल होती हैं जैसे अगर आप को ड्राई माउथ की समस्या है तो आपको यह सिंड्रोम होने का रिस्क बढ़ जाता है। अगर आप को किसी अन्य तरह का ओरल इन्फेक्शन या इन्फ्लेमेशन है तो यह भी इसका कारण हो सकता है। कई बार आवश्यक पौष्टिक जरूरतें पूरी न हो पाना भी बर्निंग सिंड्रोम का कारण होता है। कुछ खाने से हमें एलर्जी होती है इसलिए ऐसे फूड को न खाएं नहीं तो मुंह में जलन हो सकती है।

**रिस्क फैक्टर**

महिलाओं में इस सिंड्रोम का रिस्क पुरुषों के मुकाबले ज्यादा होता है और खास कर मेनोपॉज के शुरू होने से पहले या फिर बाद में आप को यह सिंड्रोम देखने को मिल सकता है। 50 की उम्र के बाद यह सिंड्रोम अधिक होने के रिस्क रहते हैं। जो लोग धूम्रपान ज्यादा करते हैं उन्हें भी यह सिंड्रोम अधिक होने का रिस्क रहता है।

**इलाज**

आपके डॉक्टर आपके लक्षणों की गंभीरता देख कर अलग अलग इलाज के ऑप्शन दे सकते हैं। इसके इलाज में सलाइवा रिप्लेसमेंट प्रोडक्ट, ओरल रिंस, अल्फा लिपिक एसिड आदि शामिल होते हैं। कुछ एंटी डिप्रेसेंट या दवाइयों का सेवन करने से भी आप को इस स्थिति में काफी हद तक आराम मिल सकता है। आप कुछ लाइफस्टाइल में बदलाव और होम रेमेडीज का प्रयोग करके भी कुछ हद तक आराम पा सकते हैं। शराब और तंबाकू का सेवन करना इस स्थिति में बिल्कुल छोड़ दें।



## पुणे में कैसा है टीम इंडिया का रिकॉर्ड

पुणे में भारतीय टीम का रिकॉर्ड मिलाजुला रहा है। 2017 में ऑस्ट्रेलिया से 333 रन की अपमानजनक हार झेलनी पड़ी थी, जो टेस्ट कप्तान के रूप में कोहली के आठ साल के कार्यकाल के दौरान दो हार में से एक थी। हालांकि, मेजबान टीम ने 2019 में दक्षिण अफ्रीका पर शानदार पारी की जीत के साथ वापसी की। अगला मैच भारत के लिहाज से बेहद अहम होगा, क्योंकि उसे हर हाल में सीरीज में बराबरी करनी होगी। सभी की निगाहें इस पर होंगी कि टीम इस चौंकाने वाली हार का जवाब कैसे देती है, कई लोग रणनीति और प्लेइंग इलेवन दोनों में बदलाव की उम्मीद कर रहे हैं।

## बीवी संग भगवान का कीर्तन करते दिखे विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बेंगलुरु में भारतीय खिलाड़ी हार के गम से उबरे भी नहीं थे कि विराट कोहली मुंबई पहुंचकर भगवान के कीर्तन में पहुंच गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में भारतीय टीम को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। न्यूजीलैंड ने आठ विकेट से मैदान मारकर तीन टेस्ट मैच की सीरीज में 1–0 की लीड बना ली। बेंगलुरु के बाद भारत–न्यूजीलैंड का अगला मैच पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा। हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा समेत अधिकतर खिलाड़ी पुणे के लिए रवाना हो गए, जहां दूसरा टेस्ट मैच होना है, लेकिन विराट कोहली ने अपने परिवार के साथ समय बिताने का विकल्प चुना। मुंबई पहुंचते ही विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ कृष्णा दास के कीर्तन में पहुंच गए। इससे पहले टी–20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से ब्रेक लेकर लंदन में इसी तरह के एक कार्यक्रम में भाग लिया था। उससे पहले उत्तराखंड स्थित कैंची धाम आश्रम और वृंदावन में प्रेमानंद सागर महाराज की शरण में भी पहुंचे थे। विराट का धीरे–धीरे धर्म और आस्था की ओर झुकाव बढ़ता जा रहा है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए भारत को चाहिए बांग्लादेश, पाकिस्तान की मदद

**क्रिकेट**

## न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच और खेलेगा भारत



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका की टीम इस समय बांग्लादेश के दौरे पर है। दोनों टीमें दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगी जिसकी शुरुआत आज से हो रही है। ढाका के शेर–ए–बांग्ला स्टेडियम में ये मैच खेला जाएगा। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिहाज से ये सीरीज काफी अहम है। खासकर भारत के लिए। भारत को हाल ही में बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए भारत के लिए ये सीरीज और ज्यादा जरूरी हो गई है।

साउथ अफ्रीका की टीम इस समय डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में 38.89 प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर है। उसे अभी छह मैच खेलने हैं। देखा जाए तो ये कागजों पर साउथ अफ्रीका के लिए बहुत आसान मुकाबले हैं। बांग्लादेश के बाद साउथ अफ्रीका को श्रीलंका और फिर पाकिस्तान के खिलाफ दो–दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

साउथ अफ्रीका से उम्मीद की जा रही है कि वह ये सभी छह मैच जीत जाएगा। अगर ऐसा होता है तो उसके 69.44 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। साउथ अफ्रीका अगर यहां तक पहुंचती है तो फिर उसका फाइनल खेलना लगभग तय मान लीजिए क्योंकि पहले नंबर पर काबिज भारत के 68.08 अंक हैं। दूसरे नंबर पर बैठी ऑस्ट्रेलिया के 62.50 प्रतिशत अंक हैं। ये दोनों टीमें साल के अंत में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगी जिससे अंकों पर असर पड़ सकता है। भारत बेशक इस समय टॉप पर है लेकिन उसके लिए आगे की राह आसान नहीं है। न्यूजीलैंड से उसे अभी दो मैच और खेलने हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया से कड़े पांच मुकाबले खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराना आसान नहीं होगा। भारत को यहां से कम से कम पांच मैच जीतने जरूरी हैं और साथ ही एक ड्रॉ भी। तभी वह साउथ अफ्रीका से आगे निकल सकता है।

अगर साउथ अफ्रीका अपने विरोधी टीमों से एक मैच भी हार जाती है तो फिर भारत के लिए समीकरण आसान होते जाएंगे। हालांकि, इस बीच श्रीलंका को भी अपने बचे चार मैचों में से दो जीतने होंगे तभी साउथ अफ्रीका भारत से पीछे रहेगी। ऐसी स्थिति को देखते हुए भारत के लिए अब हर मैच जीतना बेहद जरूरी हो गया है।

# बांग्लादेश के खिलाफ तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने ढाका में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन इतिहास रच दिया है। उन्होंने पहली पारी में तीन विकेट लिए, जिसके मेहमान टीम ने टॉस हारने के बाद बांग्लादेश को सिर्फ 106 रन पर ढेर कर दिया। तेज गेंदबाज ने पहले सेशन में मुश्फिकुर रहीम को आउट करते हुए अपने करियर के 300 विकेट भी पूरे कर लिए।

रबाडा सबसे लंबे प्रारूप में सबसे तेज 300 विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए, उन्होंने इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए केवल 11817 गेंदें लीं। पाकिस्तान के दिग्गज वकार

- ■टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 300 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने
- ■सबसे तेज 11817 गेंदों में किया 300 बल्लेबाजों का शिकार

यूनिस ने अपने शानदार करियर में 12,602 गेंदों में 300 विकेट का आंकड़ा पार करने का रिकॉर्ड पहले बनाया था। डेल स्टेन और एलन डोनाल्ड इस सूची में अगले खिलाड़ी हैं, जबकि कोई भी भारतीय खिलाड़ी टॉप–9 में शामिल नहीं है।

कगिसो रबाडा ने अपने 65वें टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के लिए सफेद जर्सी में 300 विकेट पूरे किए और इस मामले में उन्होंने पाकिस्तान के वकार यूनिस के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

दिलचस्प बात यह है कि वह महान अनिल कुंबले से आगे निकल गए हैं, जिन्होंने अपने 66वें टेस्ट मैच में अपना 300वां टेस्ट विकेट लिया था। अगर टेस्ट मैच खेलकर 300 विकेट लेने तक का आंकड़ा देखा जाए तो वह संयुक्त रूप से 10वें सबसे तेज खिलाड़ी बन चुके हैं।

मैच की बात करें तो भारतीय दौरे पर 0–2 से टेस्ट सीरीज हारकर अपने घर पहुंची बांग्लादेशी टीम सिर्फ 106 रन पर ही ढेर हो गई। साउथ अफ्रीका के लिए कागिसो रबाडा के अलावा, वियान मुल्डर और केशव महाराज ने भी तीन–तीन विकेट लिए, जबकि डेन पीड्ट ने एक विकेट लेकर घरेलू टीम को ढाका में परेशानी में डाल दिया।

## चोपड़ा को विश्वास सरफराज नहीं राहुल की होगी छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बात आठ साल पुरानी है, तब 2016 में इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर थी। चेन्नई में खेले गए टेस्ट मैच में करुण नायर ने भारत के लिए तिहरा शतक जड़ दिया। वह टेस्ट क्रिकेट में वीरेंद्र सहवाग के बाद ट्रिपल सेंचुरी मारने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बने थे। नाबाद 303 रन की पारी खेलने के बावजूद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। अब फैंस को डर है कि कहीं सरफराज खान के साथ भी ऐसा ही सुलूक न हो जाए। पूर्व भारतीय टेस्ट ओपनर आकाश चोपड़ा को पूरा विश्वास है कि सरफराज खान 26 अक्टूबर से पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह बरकरार रखेंगे, भले ही शुभमन गिल की टीम में वापसी हो जाए। चोपड़ा ने कहा कि सरफराज को केएल राहुल पर तरजीह दी जाएगी, जो बेंगलुरु टेस्ट में भारत की आठ विकेट की हार के दौरान दोनों पारियों में प्रभावित करने में असफल रहे थे।

## न्यूज डायरी



## उम्र 24, काम दिग्गजों वाले, प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महिला टी–20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं अमेलिया केर ने न्यूजीलैंड को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। 24 साल की अमेलिया ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट झटके और फाइनल में 38 गेंद में 43 रन की शानदार पारी खेली और फिर तीन विकेट लेकर साउथ अफ्रीका का सपना तोड़ दिया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ बीती रात हुए फाइनल में अमेलिया को दूसरे ही ओवर में क्रीज पर आना पड़ा। धीमी पिच और धीमे आउटफील्ड के बीच केर ने अपना विकेट बचाए रखा और आखिर में ताबड़तोड़ रन बटोरकर न्यूजीलैंड को 158ध्5 के मजबूत टोटल तक पहुंचा दिया। जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम नौ विकेट पर 126 रन ही बना सकी। टूर्नामेंट में अमेलिया केर ने 15 विकेट लेकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, इसके पहले एक एडिशन में सबसे ज्यादा विकेट आन्या स्रबसोल (2014) और मेगन स्कट (2020) के नाम था। न्यूजीलैंड ने महिला वर्ल्ड कप फाइनल में दूसरा हाईएस्ट टोटल बना दिया। टॉस जीतकर साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और मैच के दूसरे ओवर में अयाबोंगा खाका ने जॉर्जिया प्लिमर को चलता कर टीम को मनचाही शुरुआत दिला दी। हालांकि, नई बल्लेबाज अमेलिया केर ने आते ही पहली ही गेंद पर बाउंड्री जड़कर संदेश भी दे दिया कि कीवी टीम अटैक करने उतरी है।

## अब्दुल समद ने ओडिशा के खिलाफ लगातार दो शतक, रचा इतिहास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के घरेलू क्रिकेट में जम्मू एंड कश्मीर ज्यादा मजबूत टीम नहीं मानी जाती है। हालांकि इस टीम के कुछ खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में काफ चर्चित हैं। उनमें से ही एक खिलाड़ी हैं अब्दुल समद। समद ने वो काम कर दिया है जो जम्मू एंड कश्मीर की तरफ से अभी तक किसी ने नहीं किया था। समद ने ओडिशा के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के मैच में ये कारनामा किया है। समद ने बारबाती स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में अपनी टीम की दोनों पारियों में शतक जमाए। वह एक ही रणजी ट्रॉफी मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले जम्मू एवं कश्मीर के पहले बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले किसी और ने ये कारनामा नहीं किया था। समद ने पहली पारी में मुश्किल हालात में टीम के लिए मैच बचाने वाली बल्लेबाजी की। दूसरी पारी में भी वह संकट के समय विकेट पर खड़े रहे। पहली पारी में समद ने 117 गेंदों पर छह चौके और नौ चौकों की मदद से 127 रन बनाए। समद की इस पारी के दम पर जम्मू एवं कश्मीर ने 270 रन बनाए। ओडिशा ने अपनी पहली पारी में 272 रन बना दो रनों की बढ़त ले ली। समद ने दूसरी पारी में भी बेहतरीन बल्लेबाजी की और नाबाद 108 रन बनाए। अपनी पारी में इस बार उन्होंने 100 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। 108 गेंदों का सामना करते हुए समद ने छह छक्के और पांच चौके मारे।

## रुकने का नाम नहीं ले रहे चेतेश्वर पुजारा, ब्रायन लारा से निकले आगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे दाएं हाथ के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने वापसी की कोशिशें नहीं छोड़ी हैं। वह लगातार रन बरसाते जा रहे हैं और सेलेक्टर्स का ध्यान खींच रहे हैं। पुजारा ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी में एक और शतक जड़ दिया। निरंजन शाह स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेलते हुए पुजारा ने ये शतक जमाया और अपनी टीम सौराष्ट्र को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। पुजारा ने मैच के चौथे दिन की शुरुआत 75 रनों के साथ की थी। अपनी टिकाऊ बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले पुजारा को शतक पूरा करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने शतक पूरा करने के बाद एक दिग्गज बल्लेबाज को पीछे कर दिया है। इस शतक के साथ ही पुजारा ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपने सैकड़ों की संख्या 66 कर ली है और वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा को पीछे कर दिया है। ब्रायन लारा ने फर्स्ट क्लास में कुल 65 शतक जमाए हैं। पुजारा ने फर्स्ट क्लास में अपने 21,000 रन भी पूरे कर लिए हैं। वह लगातार रन बना रहे हैं और छत्तीसगढ़ द्वारा बनाए गए विशाल स्कोर से आगे अपनी टीम को ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। उसके लिए कप्तान अमनदीप खरे ने नाबाद 203 रन बनाए।



शहीद हुए पुलिसकर्मियों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए सीएम।

# हमारा दून

## पता परिवर्तन

मैं घनश्याम पेटवाल पुत्र श्री सुरेंद्र दत्त पेटवाल पूर्व मूल निवासी ग्राम पेटब, पीओ.जाखणीधार, तहसील जाखणीधार थाना नई टिहरी जिला टि.ग., उत्तराखण्ड पिन 249123 का मूल निवासी हूं। वर्तमान में मैं वर्ष 2020 से अपने विक्रय पत्र अनुसार अपने इस नये पते 138/2, नागराजा पुरम, कंट रोड, मौथोंरावाला जिला देहरादून पिन 248001 पर निवास कर रहा हूं। मेरा आधार कार्ड बिजली पानी आदि का कनेक्शन मेरे इसी स्थायी पते पर है। मैं अपने इस नए पते का स्थायी निवासी हूं।

घनश्याम पेटवाल
पुत्र श्री सुरेंद्र दत्त पेटवाल।

## संक्षिप्त समाचार

### बस्तियों का स्थाई समाधान नहीं चाहती भाजपा

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने मलिन बस्तियों के नियमितीकरण को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। गोगी ने कहा कि भाजपा पूरे मामले को जानबूझकर लटकाती आ रही है। बस्तियों को नियमित करने के बजाए भाजपा हर बार चुनाव का इंतजार करती है, ताकि बस्तियों के वोट का इस्तेमाल के लिए वह दबाव बना सके। वह बस्तियों को डर के माहौल के रखना चाहती है। इसीलिए इतने साल से मामले का समाधान नहीं किया जा सका। कहा कि कांग्रेस इस मामले में भाजपा की मंशा का पर्दाफाश करने का काम करेगी।

### केवि नंबर दो के शिक्षकों को नहीं मिला तीन माह से वेतन

**संवाददाता** देहरादून। केवि नंबर दो हाथीबड़कला के शिक्षक व कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे परेशान शिक्षक सोमवार को सर्वे आफ इंडिया के सर्वेयर जनरल से मिले। जिसमें उन्होंने दिवाली से पहले वेतन दिलवाने की मांग की। साथ ही दीवाली से पहले वेतन ना मिलने पर कार्य बहिष्कार की भी चेतावनी दे दी है। शिक्षकों ने बताया कि केवि नंबर दो हाथीबड़कला प्रोजेक्ट का स्कूल है। जिसका वित्त पोषण भारतीय सर्वेक्षण विभाग हाथीबडकला की ओर से होता है। यानी वेतन भत्ते सहित तमाम खर्च का बजट सर्वे से मिलता है।

### शॉप्सी ने अपनी बिग दिवाली सेल का किया अनावरण

**संवाददाता** देहरादून। शॉप्सी बाय फ्लिपकार्ट, अपने ग्राहकों को एक बार फिर अपनी बिग दिवाली सेल से खुश कर रहा है, जो 29, 2024 तक जारी रहेगी। यह आगामी त्यौहारी सेल, ग्रैंड शॉप्सी मेला, द बिग बिलियन डेज सेल और चल रहे दिवाली स्वागत सेल की सफलता के बाद, सावध ानीपूर्वक तैयार किए गए डील्स की एक अद्भुत श्रृंखला पेश करने का वादा करती है। शॉप्सी की बिजनेस हेड प्रथ्यूषा अग्रवाल कहती हैं, राखी से लेकर दिवाली तक भारत का समृद्ध त्यौहारी कैलेंडर खरीदारी के रुझान को आकार देने में अहम भूमिका निभाता है।

# आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा का एक बेहतर विकल्प मिलेगा: सीएम

**हरी झण्डी**

■ मुख्यमंत्री ने लालकुआं–बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से लालकुआं–बांद्रा सुपरफास्ट ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कैंची धाम के आशीर्वाद से आज लालकुंआ से बांद्र के मध्य ट्रेन संचालन का स्वप्न पूरा हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। इन्होंने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से रामपुर, मुदादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, वडोदरा सूरत जैसे रेलवे स्टेशन से जुड़े लोगों को को यात्रा करने का आसानी से विकल्प मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लालकुआं बांद्रा रेल सेवा शुरू होने से बाबा कैंची धाम, जागेश्वर और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए





आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का एक बेहतर विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर आगे बढ़ रहे हैं। आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक के रूप में वंदेभारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेन, रेल नेटवर्क का हिस्सा बनी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से पहाड़ तक ट्रेन पहुंचने का स्वप्न ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन बनने के साथ ही पूर्ण हो जायेगा। टनकपुर–बागेश्वर रेल लाइन पर भी सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, जल्द ही इसमें भी कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड से काशी, अयोध्या और अन्य प्रमुख शहरों के लिए रेल सेवा के और विस्तार के लिए प्रयास किये जायेंगे। आज हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। प्रदेश की देवतुल्य जनता के सहयोग से उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है।

लालकुआं बान्द्रा टर्मिनल के मध्य नई ट्रेन सं० 22544 सोमवार को लालकुआ से सुबह 07:45 बजे प्रस्थान कर रूद्रपुर सिटी, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, कोटा, बडोदरा, सूरत होते हुए हुए अगले दिन मंगलवार को प्रातः 08:30 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी तथा वापसी में बान्द्रा टर्मिनस से सुबह 11:00 बजे मंगलवार को प्रस्थान कर लालकुआं अगले दिन बुधवार 13:15 बजे लालकुआं पहुंचेगी। इस गाड़ी में यात्रियों की सुविधा के लिए 2 एसी के 01 कोच, 3 एसी के 02 कोच, एसी इकोनॉमी श्रेणी के 03 कोच तथा स्लीपर क्लास के 06 कोच, सामान्य श्रेणी के 04. कोच से संचालित होगी। इस गाड़ी में सभी कोच एलएचबी के लगाये गये हैं जो कि यात्रियों के लिए सुविधाजनक एवं संरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त हैं।

इस अवसर पर विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुमका, जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, दीप कोश्यारी और डीआरएम श्रीमती रेखा यादव उपस्थित थे।

### दर्शनार्थियों व पर्यटकों को भी मिलेगा लाभः अजय भट्ट

सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यहां के लोगों की यह बहुत पुरानी मांग थी कि लालकुआं से मुंबई को सीधे रेल सेवा सुचारू हो, जो आज पूर्ण हुई है। इसके रेल सेवा के संचालन से पूरे कुमाऊं क्षेत्र के लोगों के साथ ही यहां के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के दर्शनार्थियों व पर्यटकों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब सप्ताह में तीन रेल गाड़ियां रामनगर, हल्द्वानी और अब लालकुआं से मुम्बई के लिए जा रही हैं, जिसका लाभ यहां के पर्यटक क्षेत्रों को भी मिलेगा।

# रालमवासियों के आतिथ्य और समर्पण से गदगद हुए सीईसी

**एमओयू**

■रॉलम गांव के निवासियों को पत्र लिखकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जताया आभार

**संवाददाता**

देहरादून। पिथौरागढ़ जिले के धारचूला विधानसभा क्षेत्र स्थित रालम गांव के निवासियों द्वारा सेवा,आतिथ्य और समर्पण के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने पत्र लिखकर आभार प्रकट किया है। इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आईटीबीपी के जवानों की भी सराहना की है। सीईसी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है।

दरअसल मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार बीते 16 अक्टूबर को पिथौरागढ़ जिले के 42–धारचूला विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ एवं हाई–एल्टीट्यूड मतदान स्थलों में शामिल ग्राम मिलम, मरतोली, गनघर एवं पांछू आदि में निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन एवं संपादन के संबंध में ध्रुवतलीय अध्ययन हेतु प्रवास के लिए आए थे। भ्रमण के दौरान मौसम की खराबी के कारण मुख्य निर्वाचन आयुक्त की पिथौरागढ़ जिले के मुन्स्यारी तहसील स्थित रॉलम गांव में दोपहर लगभग 12. 30 बजे पायलट द्वारा हैलीकॉप्टर की एहतियातन लैंडिंग की गई। रॉलम ग्राम के भौगोलिक रूप से उच्च हिमालयी, हिमाच्छादित क्षेत्र में होने के कारण इसके सभी निवासी अपने शीतकालीन प्रवास ग्राम पातों आदि में कुछ ही दिन पहले शिफ्ट हो गए थे, और वर्तमान में पूरा रॉलम गांव एकदम खाली था।

**डूबते को तिनके का सहारा**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अपने पत्र में लिखा है कि "कहावत है कि 'डूबते को तिनके का सहारा, हम सबके साथ यह कहावत उस समय चरितार्थ हुई जब यह तीन सदस्यीय दल देवदूत बनकर ग्राम–रॉलम पहुंचा। इस दल के साथ उनका पालतू श्वान भी था जो दल में चौथे सुरक्षा कवच की भूमिका निभा रहा था।" आपदा प्रबंधन में स्थानीय निवासियों की भागीदारी की इस मिसाल को प्रशासन सशक्त रूप से अपनायेगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने रॉलम वासियों की सेवा समर्पण की तारीफ करते हुए लिखा कि "सभी युवा देवदूतों ने मानवता के उच्च आदर्शों का पर्याय बनते हुए हम सब की जीवन रक्षा के लिए इस दिन को अविस्मरणीय यादों में अलंकृत कर दिया। मैं आप सभी को ह्रदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आपके स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना करता हूं।" इसके साथ ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने आईटीबीपी के महानिदेशक को भी पत्र लिखकर पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में तैनात रेस्क्यू टीम की सराहना की है।

### टिहरी झील में 24 किमी तैराकी करने वाले पिता-पुत्रों सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। टिहरी झील में कोटि कालोनी से कंडीसौड़ तक बिना लाइव जाकेट के 24 किमी तैर कर पार करने वाले त्रिलोक सिंह रावत, उनके ऋषभ रावत और पारसवीर को प्रतापनगर जन कल्याण समिति ने सोमवार को मसूरी में सम्मानित किया। मुख्य अतिथि मंत्री गणेश जोशी, प्रतापनगर के विधायक विक्रम नेगी, ब्लाक प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप रमोला, प्रतापनगर जन कल्याण समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला ने पिता और पुत्रों के इस रिकॉर्ड की तारीफ की। त्रिलोक रावत मूल रूप से ग्राम मोटणा तहसील प्रताप नगर के निवासी है। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि काबीना मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह गौरव की बात है त्रिलोक रावत व उनके पुत्र ऋषभ व पारस ने टिहरी झील को पार कर कीर्तिमान स्थापित किया जिनका सम्मान प्रताप नगर जन कल्याण समिति ने किया लेकिन अभी तक उनको राज्य सरकार से नहीं मिला इस बारे में जानकारी ली जायेगी।





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।